एक नजर में

भगवान भारत भूमि पर ही अवतार लेते हैं

इंदौर. राम और कृष्ण इस देश के जनमानस के प्राणतत्व हैं. राम मर्यादा पुरूषोतम हैं तो कृष्ण लीलाधर। राम और कृष्ण भारत भूमि के पर्याय हैं. इन दोनों अवतारों के बिना भारतभूमि की कल्पना भी संभव नहीं है. राम ने जहां समाज को अंत्योदय का संदेश दिया है वहीं कृष्ण ने कंस प्रवृति का नाश किया है. धर्म की जब-जब हानि होती है, भगवान भारत भूमि पर ही अवतार लेते हैं, कहीं और नहीं. ये विचार हैं अखंड प्रणव वेदांत आश्रम, झलारिया के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने झलारिया बायपास स्थित रूचि लाइफ स्केप पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में शनिवार को भगवान राम एवं कृष्ण जन्म प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. अखंड प्रणव वेदांत आश्रम पर मुख्य यजमान समाजसेवी सुरेश-मृदुला शाहरा, श्रीमती कल्पना भाटिया एवं अन्य श्रद्धालुओं ने प्रारंभ में व्यासपीठ का पूजन किया. समापन पर सैकड़ों भक्तों ने आरती में भाग लिया. महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती यहाँ मंगलवार 13 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 3 से सांय 7 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे।

लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में परिक्रमा करने वालों का सैलाब

इंदौर. बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर चल रहे विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में अरणि मंथन से अग्नि देवता के प्राकट्य के बाद से ही श्रद्धालुओं का सैलाब यज्ञ शाला की परिक्रमा के लिए उमड़ने लगा है. शीतलहर के बावजूद सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला शुरू हो रहा है जो पूरे समय अनवरत चल रहा है. काशी के प्रख्यात यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे के निर्देशन में चल रहे इस दिव्य और भव्य अनुष्ठान में अब तक 10 हजार से अधिक श्रद्धालु परिक्रमा का पुण्य लाभ उठा चुके हैं. अब तक इस महायज्ञ में 15 लाख के लक्ष्य के मुकाबले 3 लाख आहुतियाँ सम्पन्न हो चुकी हैं. आयोजन समिति के प्रमुख देवव्रत पाटीदार एवं अलकेश सुलिया ने बताया कि प्रख्यात संत ब्रह्मलीन देवराहा बाबा के परम शिष्य संत गरुड़दास महाराज और उनके शिष्य महंत कृष्ण गोपाल दास महाराज (आगरोद) के सानिध्य में शनिवार को सुबह 7.30 बजे से याज्ञिक क्रियाएँ प्रारंभ हुई। संध्या को यज्ञ शाला में सभी यजमानों ने महाआरती में शामिल होकर अपने व्यसन छोड़ने का संकल्प भी लिया।

दास बगीची से आज चरण पादुका यात्रा

इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची से 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे से निकलने वाली चरण पादुका यात्रा के पूर्व शनिवार को सैकड़ो श्रद्धालुओं ने समूचे यात्रा मार्ग का अवलोकन कर विभिन्न व्यवस्थाओं, स्वागतमंचों, तोरणद्वारों, प्रसाद वितरण व्यवस्था को अंतिम रूप दिया. यात्रा मार्ग के अधिकांश घरों और प्रतिष्ठानों को हल्दी-कुमकुम एवं पीले चावल भेंटकर यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया गया. यात्रा पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की व्यवस्था भी यात्रा मार्ग में भक्तों द्वारा की गई है. भक्तों के उत्साह को देखते हुए अनुमान है कि इस यात्रा में 50 हजार श्रद्धालु शामिल होंगेय यात्रा के बाद 14 से 20 जनवरी तक जय सियाराम बाबा की प्रतिमा का पाटोत्सव भी मनाया जाएगा. श्री दास हनुमान बगीची जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट की ओर से कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल एवं पं. देवेन्द्र पुजारी ने बताया कि चरण पादुका यात्रा के समापन पर शाम 6 बजे को बगीची पर महाभंडारे का आयोजन होगा तथा शामिल होने वाले सभी भक्तों को हनुमानजी एवं बगीची पर अभिमंत्रित रक्षा कवच का वितरण भी किया जाएगा.

सैनिकों और उनके परिवारों की शिक्षा में करेंगे सहायता

इन्दौर. भारतीय सेना के साथ एईएसएल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य सेना के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को समर्थन देना है. इसमें वर्तमान में सेवा दे रहे सदस्य, सेवानिवृत्त सैनिक, गैलेंट्री पुरस्कार विजेता, दिव्यांग कर्मी तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवार शामिल हैं. इस एमओयू के तहत, एईएसएल देशभर में स्थित अपने सभी केंद्रों और शाखाओं में प्रवेश लेने वाले भारतीय सेना के विद्यार्थियों को विशेष लाभ प्रदान करेगा. एईएसएल के स्टेट हेड अंकित केलौत्रा ने कहा है. भारतीय सेना के साथ साझेदारी के माध्यम से हम अपने बहादुर सैनिकों के त्याग का सम्मान करते हुए उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं. स्कॉलरशिप, मेंटरिंग और काउंसलिंग के माध्यम से हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे वीरों के बच्चे अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सकें और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व स्थापित करें. यह एमओयू भारतीय सेना के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, जिसमें देशभर के एईएसएल केंद्रों पर पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना भी शामिल है. इसमें सिर्फ़ रजिस्ट्रेशन फ़ीस देनी होगी, ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मियों के बच्चों के लिए बाकी सभी फ़ीस में सौ प्रतिशत छूट है.

स्वामी विवेकानंद जयंती पर मैराथन आज

इंदौर. विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की इंदौर शाखा 11 जनवरी को एक मैराथन दौड़ काआयोजन करने जा रही है, इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र भाव का बोध कराने के साथ सशक्त समाज का निर्माण करना है. इंदौर में रविवार 11 जनवरी को होलकर कॉलेज भंवरकुआ से सुबह 6 बजे 5 किलोमीटर की है मैराथन शुरू होगी जो शहर के मुख्य मार्गों से से होते हुए पुनः यही पहुंचेगी। देश सेवा को समर्पित फोर्स एकेडमी के लखन सिंह यादव ने बताया कि युवाओं में राष्ट्र भावना के साथ शारीरिक रूप से मजबूती प्रदान करना इस मैराथन का उद्देश्य है। अनुराग जोशी, महेंद्र यादव ,अजीत बरगले का कहना है कि इस दौड़ में 5000 युवाओं के सहभागिता रहेगी। प्रमुख रूप से कॉलेज के विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया जा रहा है जिसके लिए कल दोपहर तक रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे ऐच्छिक रूप से 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी भी इस मैराथन का हिस्सा बन सकते हैं। होलकर कॉलेज में सुबह 6 बजे शुरू होने वाली इस मैराथन के लिए शहर के गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्ध जन शामिल होकर हरी झंडी दिखाएंगे।

गायिका आर्या अम्बेकर की प्रस्तुतियां आज

इंदौर. ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा की मेजबानी में शहर में रविवार 11 जनवरी को शाम 6.30 बजे से रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल के लाभ मंडपम में कृष्णम वन्दे भजन संध्या का अनूठा आयोजन होगा. देश की प्रख्यात गायिका एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत आर्या अम्बेकर इस आयोजन में अपने भक्ति गीतों और कृष्ण लीला से जुड़ी प्रस्तुतियों से सुधी श्रोताओं को संगीत समारोह में मंत्रमुग्ध करेंगी. ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा (एम फॉर सेवा) के प्रदेश प्रमुख स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती ने बताया कि यह आयोजन आदिवासी बालक-बालिकाओं की शिक्षा के सहायतार्थ हो रहा है जिसमें प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा लेकिन जगह पहले आएं पहले पाएं के आधार पर ही संभव होगा.

407 नव आरक्षकों ने ली राष्ट्र रक्षा की शपथ

एसटीसी इंदौर में दीक्षांत शपथ परेड आयोजित

आकर्षक मास पीटी, बिहू नृत्य सहित रंगारंग कार्यक्रम हुए

इंदौर. सीमा सुरक्षा बल के सहायक प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में शुक्रवार को नव आरक्षक की भव्य दीक्षांत शपथ परेड का आयोजन किया. समारोह में 407 नव आरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज को साक्षी मानकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया. परेड के दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति और अनुशासन का वातावरण नजर आया.

दीक्षांत परेड के मुख्य अतिथि महानिरीक्षक तेजिंदर पाल सिंह सिद्ध रहे. परेड की कमान तौशीफ आलम ने संभाली. मुख्य अतिथि के समक्ष सभी नव आरक्षकों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाने की शपथ ली. शपथ ग्रहण के बाद नव आरक्षकों द्वारा आकर्षक मास पीटी और बिहू नृत्य सहित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने जमकर सराहा.

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षक सम्मानित

44 सप्ताह चले इस कठोर प्रशिक्षण के दौरान नव आरक्षकों को हथियार संचालन, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, फील्ड क्राफ्ट, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, सीमा निगरानी के साथ आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. बैच क्रमांक 208 में ओवरऑल प्रथम अदित्य महाजन, ओवरऑल द्वितीय धंजीत कुमार, शारीरिक दक्षता में पंकज, सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज राजन कुमार और कवायद में के. जमातिया को सम्मान मिला. वहीं बैच क्रमांक 209 में ओवरऑल प्रथम दीपक महतो, ओवरऑल द्वितीय प्रीतम ढाली, शारीरिक दक्षता में बिक्रम ओराव, सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज फरदीन खान और कवायद में कृष्णा बहादुर लिम्बू को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया.

हजारों युवाओं ने किया सूर्य नमस्कार

इंदौर. स्वामी विवेकानंद इस देश की अस्मिता और गौरव के प्रतीक हैं. उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की आन-बान और शान को ऊँचा उठाते हुए युवाओं में राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान की भावना जागृत की है. युवा दिवस की पूर्व बेला में शहर की तरुणाई को वर्तमान हालातों में देश के प्रति गर्व और गौरव की अनुभूति करना होगी.

ये विचार हैं गजासीन शनि धाम के महामंडलेश्वर स्वामी दादू महाराज के, जो उन्होंने शनिवार को बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं संस्था छवि वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व बेला में दशहरा मैदान पर आयोजित सूर्य नमस्कार के वृहद आयोजन में आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए. सूर्य नमस्कार के इस अनूठे कार्यक्रम में करीब 5 हजार युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई. इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे भी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे. अतिथियों ने शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था छवि के प्रमुख गोपाल गोयल एवं फाउंडेशन की ओर से प्रवीण मिश्रा ने सभी मेहमानों की अगवानी की. संदीप गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. भरत रावत, डॉ. अरुण जैन, डॉ. विनीत कोठारी एवं पं. योगेन्द्र महंत भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

कांग्रेस की न्याय यात्रा आज

बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक पैदल मार्च

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी की सप्लाई से 20 लोगों की मौत के मुद्दे पर कांग्रेस आज न्याय यात्रा निकालेगी. न्याय यात्रा बड़ा गणपति चौराहा से राजवाड़ा तक कांग्रेस और आमजन पैदल मार्च. उक्त यात्रा द्वारा सरकार से भागीरथपुरा के नागरिकों हेतु न्याय मांगेंगे.

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे , जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने बताया कि आज सुबह 11 बजे बड़ा गणपति चौराहा से न्याय यात्रा शुरू होगी. यात्रा पूरी तरह से एक मौन यात्रा के रूप में रहेगी. यात्रा में सभी नागरिक बड़ा गणपति चौराहा से पैदल चल कर राजवाड़ा पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा तक आएंगे. उक्त यात्रा का नेतृत्व महिलाओं के द्वारा किया जाएगा. सबसे आगे महिलाओं का समूह चलेगा. यात्रा गैर राजनीतिक यात्रा के रूप में निकाली जा रही है. यात्रा में कहीं कांग्रेस का झंडा नहीं होगा. यह यात्रा इंदौर शहर के नागरिकों की न्याय यात्रा होगी जिसमें की भागीरथपुरा की घटना की जिम्मेदारी तय करने के लिए आवाज उठाई जाएगी. सरकार से जवाब मांगा जाएगा. इस यात्रा में भाग लेने के लिए शहर के सभी नागरिकों, बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया हैं. यात्रा में एआईसीसी के मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राज्य सभा सांसद वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तनखा, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन यादव, इंदौर प्रभारी सचिव उषा नायडू, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी संजीव सक्सेना इंदौर पहुंच गए हैं। सभी नेता कल न्याय यात्रा में भाग लेंगे।

मंत्री जब तक इस्तीफा नहीं देते, युकां का संघर्ष जारी रहेगा : चिब

नव भारत न्यूज

इंदौर. भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता को लगता है कि वे देवता और अवतार है, जो ऊपर से उतर कर आए. वे जनता शोषण कर रहे हैं और जनता का अहसान भूल गए है कि उनके वोट पर सत्ता में है. भाजपा ने ऐसे व्यक्ति को मंत्री बना रखा है जो मानसिक बीमार है. ऐसे नेता को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं देना चाहिए, जो पत्रकार के सवाल पर घंटा जैसे अपशब्द कहते हैं.

उक्त बात युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में कही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश और इंदौर में पहली बार नहीं हो रहा है कि नगर निगम और प्रशासन की गलती से लोगों की जाने गई है. आज भागीरथपुरा में हुआ, इसके पहले एमवाय अस्पताल में चूहों से बच्चों की मौत, कफ सिरप से छिंदवाड़ा में मौत यह सब भाजपा की लापरवाही और पाप का नतीजा है. इसी वारदातों पर सरकार अंकुश क्यों नहीं लगा पा रही है? उन्होंनेकहा विजयवर्गीय पहले भी महिलाओं, प्रियंका और राहुल गांधी सहित विवादित और गैर जिम्मेदाराना बयान दे चुके है. युवक कांग्रेस, महापौर के खिलाफ हत्या का मुकदमा और मंत्री का इस्तीफा होने तक संघर्ष करती रहेगी.

जिन्ना जी बोल बैठे चिब-युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने आज प्रेस क्लब में देश की आजादी के लिए महापुरुषों के जेल जाने का जिक्र किया. इस दौरान उन्होंने देश के बंटवारे के नायक मोहम्मद अली जिन्ना को जिन्ना जी संबोधित कर दिया.

सत्याग्रह आंदोलन में शामिल हुए

इंदौर. भागीरथपुरा में दूषित जल आपूर्ति के कारण 20 नागरिकों की मौत और लगभग 1500 लोगों के बीमार होने को लेकर युवक कांग्रेस द्वारा पलासिया चौराहे पर सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है. आज सत्याग्रह आंदोलन में युवक कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी शामिल हुए. युवक कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग करते हुए पीड़ित परिवारों को न्याय, दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और स्थाई कदम उठाने की मांग की. युवक कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता और प्रदेश की जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल की गारंटी नहीं दी जाती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा. सत्याग्रह आंदोलन में जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, युवक कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सीवी चौहान, सह-प्रभारी रूपेश भदौरिया, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, प्रदेश सचिव वरेश पाल सिंह जादोन, सरफराज अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

परफेक्शन के भ्रम में उलझी पीढ़ी का सशक्त रंगमंचीय प्रतिबिंब दर्शाता नाटक

मराठी नाटक जेन जी- चिरंजीव परफेक्ट बिघडलाय' का मंचन

इंदौर. सानंद न्यास के पांच दशक समूहों के लिए मराठी नाटक जेन जी- चिरंजीव परफेक्ट बिघडलाय' का मंचन शनिवार अपराह्न से प्रारंभ हुआ. आज की 'जेन जी' केवल एक आयु-वर्ग नहीं, बल्कि जीवन को देखने, समझने और जीने का एक नया दृष्टिकोण है. इसी बदलती मानसिकता, महत्वाकांक्षा और परफेक्शन की निरंतर दौड़ को केंद्र में रखकर चंद्रकांत कुलकर्णी प्रस्तुत नाटक 'जेन जी- चिरंजीव परफेक्ट बिघडलाय' समकालीन समाज की एक संवेदनशील और यथार्थपरक तस्वीर प्रस्तुत करता है.

लेखक-निर्देशक विनोद रत्ना ने शहरी, शिक्षित और भौतिकतावादी परिवेश में पनप रही युवा पीढ़ी के अंतर्द्वंद्व को कथानक का आधार बनाया है. नाटक की कथा एक युवा दंपती के इर्द-गिर्द घूमती है, जो जीवन के हर पहलू में परफेक्शन की अपेक्षा रखता है. यही अपेक्षा धीरे-धीरे रिश्तों पर बोझ बनने लगती है. कथानक में तीसरे पात्र का प्रवेश इस तनाव को टकराव में बदल देता है और कहानी को नाटकीय मोड़ प्रदान करता है. पती-पत्नी की भूमिकाओं में श्रेयस जोशी और समृद्धि कुलकर्णी ने आज की युवा पीढ़ी के आत्मविश्वास, असुरक्षा और मानसिक संघर्ष को प्रभावी ढंग से साकार किया है. दोनों की अभिनय-केमिस्ट्री स्वाभाविक और विश्वसनीय है. वैभव रंधवे का किरदार कथा में तीव्रता लाता है. उनका आत्मप्रदर्शन, कार्यशैली और एटीट्यूड उस आधुनिक मानसिकता का प्रतीक बनता है, जहां तुलना और प्रतिस्पर्धा रिश्तों में दरार पैदा करती है. नाटक का क्लाइमेक्स उपदेशात्मक होने के बजाय संतुलित और सुखद है. यह स्पष्ट संदेश देता है कि जीवन पूर्णता की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि समझौते, संघर्ष और समन्वय की यात्रा है. संवाद सहज और प्रवाहपूर्ण हैं, जो कई स्थानों पर दर्शकों को आत्ममंथन के लिए विवश करते हैं. तकनीकी पक्ष नाटक की प्रस्तुति को और सुदृढ़ बनाते हैं. ऋतुजा बोठे का नेपथ्य समकालीन घरेलू वातावरण को जीवंत करता है. वैभव टकले का संगीत कथानक के भावों के अनुरूप है, जबकि अभिप्राय कामठे की प्रकाश-योजना दृश्यों की संवेदनशीलता को गहराई प्रदान करती है.

गुलाब बाग में हिंदू सम्मेलन आज, हुआ भूमिपूजन

इंदौर. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के तहत 11 जनवरी को नगर में हिंदू सम्मेलनों के आयोजन होंगे.

गुलाब बाग देवासनाका स्थित आईडीए मैदान में आज भूमि पूजन महेश चतुर्वेदी, राकेश महाशब्दे, राकेश सिंह, अनिता सिंह, देवेंद्र शर्मा के संयोजन में हुआ. यहां आयोजित हिंदू सम्मेलन में गुलाब बाग , बावजी नगर, सत्य साईं नगर, स्कीम 94 , बापू गांधी नगर आदि क्षेत्र के रहवासी सम्मिलित होंगे. 11जनवरी को प्रातः 11 से 3 बजे तक 4 घंटे के इस सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रभक्ति गतिविधियों के साथ स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयों पर संदेश प्रेरक प्रभावी नाट्य मंचन, योग, महापुरुषों की वेशभूषा में प्रस्तुतियां, संतों के आशीर्वचन मुख्य वक्ता का प्रभावी बौद्धिक तथा सामाजिक समरसता अंतर्गत एक संगत-एक पंगत का सहभोज आयोजित होगा.

सम्मेलन में हिंदुओं को आमंत्रित करने के लिए सप्ताह भर आयोजन समितियों ने प्रभात फेरी, वाहन रैली निकाली, वहीं टोलियों द्वारा घर-घर संपर्क किया गया. साथ ही बच्चों को गणेश वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, योग की तैयारी करवाई गई.

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग बुरहानपुर संभाग बुरहानपुर

Office Address :- PWD Rest House Campus Burhanpur, Amrawati Road, Burhanpur 450331
Phone No. 07325-242084 / email:- eepwdburmp@mp.nic.in / web.site.: www.mp.gov.in/pwdmp Office

निविदा आमंत्रण ई-टेण्डर

क्रं./निविदा कं./13/ व.ले.लि. / नवीन ई-टेण्डर पोर्टल / 2025-26 — बुरहानपुर दिनांक 08.01.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार से, जो रजिस्ट्रेशन की शर्तों का मानक रखती है, से ऑनलाईन प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता हैं।

स. क्रं.	ऑनलाईन ई-निविदा क्रं.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	1) आमंत्रण क्रं. 2) समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB_474219_1	एस.टी.एम.सी. योजना के अंतर्गत विभिन्न मार्गों का रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य संभाग बुरहानपुर	बुरहानपुर	रू. 79.46	79,460/-	10,000/-	लोनिवि में केन्द्रीकृत पंजीकृत	1- प्रथम 2-03 माह वर्षा काल सहित ।
		योग		रू. 79.46				

टीप-
1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें। निविदा डाक्युमेनट क्रय / डाउनलोड प्रारंभ तिथि 13.01.2026 प्रातः 10:00 बजे से एवं अंतिम दिनांक 27.01.2026 सायं 06:00 बजे तक है तथा ऑनलाईन निविदा बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.01.2026 सायं 06:00 बजे तक है।
2. कार्य का ए लिफाफा दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग इन्दौर परिक्षेत्र इन्दौर में खोला जावेगा।
3. कार्यों के सी - लिफाफा के खोलने की तिथी एवं समय की घोषणा, लिफाफा ए के खोलने एवं उसके मूल्यांकन के पश्चात् ऑनलाईन किया जावेगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में इस कार्यालय तथा उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। — कार्यपालन यंत्री

G24200/25 — लो. नि.वि.संभाग बुरहानपुर

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी मध्यप्रदेश

E-mail - sp_badwani@mppolice.gov.in

क्रं./पु.अ./बड/र.नि. / 28 - (ए)/2026, — बड़वानी, दिनांक 05/01/2026

-: निविदा घोषणा पत्र / विज्ञप्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पुलिस इकाई बडवानी के अनुपयोगी एवं निष्प्रयोजन (लोहे, लकडी, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक, सुरक्षात्मक सामग्री) सामग्रियों के विक्रय / नीलामी कर सूचना जहाँ, जिस हालत में है, के आधार पर समस्त सामग्री की एकजाई रूप से एक साथ अर्थात समस्त सामग्री की एक ही बोली होगी। सीलबंद निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 15/01/2026 को प्रातः 11:30 बजे आमंत्रित की जावेगी। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 17/01/2026 को दोपहर 03:00 बजे तक सीलबंद निविदाये स्वीकार की जावेगी तथा दिनांक 19/01/2026 के अपरान्ह 12:00 बजे गठित नीलामी समिति एवं इच्छुक बोलीदाता फर्म / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी, शर्तें व प्रपत्र मध्य प्रदेश पुलिस बेवसाईट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला बडवानी पर उपलब्ध है।

क	सामग्री का विवरण	ऑफसेट प्राइज	प्रतिभूति राशि	निविदा शुल्क
01	**इलेक्ट्रॉनिक सामग्री–** वाटर कूलर,फोटो कॉपी मशीन, प्रिंटर, मल्टीटास्किंग प्रिंटर,कम्प्युटर मॉनिटर, सीपीयू, कि–बोर्ड, माउस,माईक, टार्च,छत पंखा, टेबल पंखा, दिवार पंखा, बैटरी 12 वोल्ट, टायपिंग मशीन,स्कैनर ,यूपीएस, टोनर,टीव्ही,मॉनीटर, टीव्ही,लाउड हेलर,कैमरा ,इलेक्ट्रीक केटल,छोटी पानी की मोटर,पावर सप्लाई स्विच SMPS ,स्टेप्लायजर, सोलर बैटरी,वाटर फिल्टर, इन्वर्टर ,एसी आउटडोर,एसी इन्डोर,सर्च लाईट चार्जर, टेलिफोन ,सीडी डिस्क रोम, छोटा स्पीकर,एल्मीनेटर ,अल्कोहल मीटर,एक्जास्ट फेन, बीएसएनएल ब्रॉड बैण्ड, छोटी बैटरी 4$^{जी}$ इन्वर्टर बैटरी, सोलर ट्युबलर बैटरी 12बोल्ट ,फैक्स मशीन,स्टार्टर, वायरलेस रिसिवर,बेल्डिंग मशीन,पानी की मोटर बडी, पीए. सिस्टम , स्पीकर, डीएफएमडी, डीएफएमडी बॉक्स, एचएचएमडी, ड्रेगन टार्च, वायनाकुलर, डिटेक्टीव डिवाईस,हेड बेटन	3,63,570/–	12,500/–	1000/–
02	**लोहा सामग्री–** अलमारी,टेबल,पेटी,ताले,फवडा, दराता ,बडी कैची,छोटी कैची ,रेक,सेनेटायजर स्टैण्ड,फैन ब्लैड (पखडी),तीन सीटर कुर्सी, कुर्सी, चद्दर, पाईप ,लॉन मूवर मैन्युअल,लोहे की फ्रेम,पंलग,जाली,स्टॉपर,लोहे का बैरियर ,पेटी,ऑपन जीम सामग्री,सीसीटीएन बाक्स	38,520/–		
03	**लकडी की सामग्री–** कुर्सी,रिवाल्विंग कुर्सी, हाईट स्टैण्ड, दरवाजा,अलमारी	6,707/–		
04	**प्लास्टिक सामग्री–**वाटर केम्पर,वाटर कैपसूल, टंकी (1000 ली), टंकी (200 ली)	2,080/–		
	कुल राशि	4,10,877/–		

निविदा हेतु निर्देश :-
01. इच्छुक व्यक्ति / फर्म राशि 1000 / - (एक हजार) रूपयें के मूल्य का कोषालय चालान शीर्ष 0055-800 अन्य प्राप्ति के अंतर्गत कोषालय में जमा कर चालान की प्रति प्रस्तुत कर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है।
02. निविदाकर्ता इच्छुक फर्म को प्रतिभूति के रूप में 12,500 / - (बारह हजार पांच सौ रूपयें) रूपये का बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक बडवानी के नाम से निविदा के साथ जमा कराना अनिवार्य है।
03. अनुपयोगी सामग्री का भौतिक निरीक्षण अवलोकन कर निविदा करें। कार्य स्थल का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 18:00 बजे तक संपर्क सूत्र - रक्षित निरीक्षक कार्यालय बडवानी रहेगा। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी, शर्तें व प्रपत्र मध्य प्रदेश पुलिस बेवसाईट https://www.mppolice.gov.in/en/tenders एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला बडवानी पर उपलब्ध है।

G24185/25 — पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी